## एक नजर में
### डॉ .श्रीवास्तव साहित्य रत्नश्री से रतलाम में सम्मानित

**पारा .** वसंत पंचमी सरस्वती पूजन व रतलाम स्थापना दिवस के अवसर पर रतलाम राजवंश जे महाराजा ने विभिन्न गतिविधियों मे समर्पित कई गणमान्य व्यक्तियों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया . वसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस के अवसर पर रतलाम राजवंश के वर्तमान महाराजा रामलक्ष्मण सिंह राठौर ने राजवाडा के समीप बनी रतलाम को बसाने वाले महाराजा रतनसीह राठौर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुवे एक वृहद कार्यक्रम मे प्रदेश के कई गणमान्य नागरिक जोकि अपनी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज सेवा कर रहे है का पुष्प माला व दुपट्टा पहना प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया । अलीराजपुर जिले के भाभरा निवासी समाज सेवी सोनगिरी सरकार के गद्दी नशीन उस्मान खां पठान को सूफ़ी संत की पदवी से सम्मानित किया गया । वही झाबुआ जिले के ग्राम पारा निवासी डॉ अनिल श्रीवास्तव को साहित्य रत्न श्री की पदवी से सम्मानित किया गया द्य इस अवसर पर रतलाम नगर के कई गणमान्य नगरिक सहित मंदसौर सीतामऊ के भी गणमान्य उपस्थित थे ।

### श्री एकेडमी में बसंत पंचमी व पराक्रम दिवस मनाया

**महू .** ग्राम कोदरिया स्थित श्री एकेडमी में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की विशेष आराधना एवं स्तुति का आयोजन हुआ . सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक पीले रंग की पोशाक में देवी मां सरस्वती की आराधना करने के लिए विद्यालय पहुंचे . इस दौरान भारत माता के वीर सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती भी पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई . सर्वप्रथम संस्था के डायरेक्टर डॉ . राजेश कुमार पाटीदार एवं नन्हे विद्यार्थियों ने मां सरस्वती, भगवान गणेश, भारत माता, शहीद सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया . सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मां सरस्वती का पूजन किया . अंत में सभी ने मिलकर मां सरस्वती की आरती एवं मंत्रों के माध्यम से आराधना की . वहीं, प्राथमिक और पूर्व प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने संस्था प्राचार्य डॉ . हेमलता पाटीदार के साथ मां सरस्वती का पूजन एवं आव्हान मंत्रों के माध्यम से किया . कार्यक्रम का संचालन संदीप पाल और आरती रायक ने किया . कार्यक्रम का संयोजन स्कूल को-ऑर्डिनेटर मंजूबाला राठौर, रीतिका भादव्या और सुदर्शन पाटीदार ने किया .

### श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकली

**महू .** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शुक्रवार को श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकाली गई . यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त निशान लेकर झूमते-गाते गोपाल मंदिर पहुंचे . यात्रा में लग रहे जय श्री श्याम के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा . निशान यात्रा समिति के संयोजक नितेश शर्मा एवं अध्यक्ष रितेश कौशल ने बताया कि चक्की वाले महादेव से प्रारंभ होकर महू नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यात्रा गोपाल मंदिर पर पहुंची . यात्रा में ऊंट, घोड़े, भगवान की आकर्षक झांकियां, बाबा श्याम का दिव्य दरबार, सांवरिया सेठ का दिव्य दरबार आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे . निशान यात्रा में प्रसिद्ध भजन गायक द्वारा की जा रही सुमधुर भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए . निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी बाबा के निशान को उठाकर बाबा की भक्ति में ओत-प्रोत दिखे . गोपाल मंदिर पर निशान चढ़ाने के बाद अब समस्त निशान खाटू श्याम धाम में 25 जनवरी को अर्पित किए जाएंगे .

### एचओडीएस हाइड्रोजन किट- एक क्रांतिकारी कदम

**इंदौर .** एचओडीएस टेक्नोलॉजीज का स्वदेशी हाइड्रोजन डुअल फ्यूल किट (एचडीएफके), जिसे कंपनी ने पेटेंट भी कराया है, वाहनों और डीजल जनरेटरों में उत्सर्जन और जीवाश्म ईंधन की खपत कम करने के लिए एक बेहद प्रभावी समाधान बनकर उभरा है . इस नवाचार को हाल ही में तब बड़ी सफलता मिली जब इसे विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में आयोजित एक समारोह में बेस्ट इमर्जिंग हाइड्रोजन मोबिलिटी वेंचर के लिए प्रतिष्ठित एनर्शिया अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया . आईआईटी दिल्ली में विकसित, एचओडीएस हाइड्रोजन डुअल फ्यूल किट अपने आप में एक अनोखा आविष्कार है जो टेलपाइप उत्सर्जन (धुए) में 70 प्रतिशत तक की कमी और ईंधन में लगभग 20 प्रतिशत तक की बचत करता है . यह तकनीक ऑटोमोटिव, बिजली उत्पादन, भट्टियों, बॉयलर, कृषि मशीनरी और औद्योगिक अनुप्रयोगों सहित कई क्षेत्रों के लिए उपयोगी है, जो इसे स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने का एक व्यावहारिक और कारगर उपाय बनाती है . इस किट को विभिन्न उद्योगों जैसे कि पेय पदार्थ, विनिर्माण, वस्त्र और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में डीजल पावर जनरेटरों में सफलतापूर्वक लगाया जा चुका है .

### बॉलीवुड के 5 सितारे कॉमेडी के बेताज बादशाह

**इंदौर .** ज़ी5 पर मस्ती 4 की रिलीज के साथ ही हिंदी सिनेमा के दिग्गज कॉमेडी कलाकार एक बार फिर से साथ नजर आने वाले हैं, तो आइए उन 5 अभिनेताओं के बारे में जानें . इसमें पहले हैं रितेश देशमुख . सिचुएशनल कॉमेडी की बात की जाए, तो इसमें बहुत ही कम अभिनेताओं ने रितेश देशमुख की तरह महारत हासिल की है . दूसरे हैं अक्षय कुमार . अगर कॉमेडी का कोई सिलेबस होता, तो अक्षय कुमार उसमें एक पूरा अध्याय होते . तीसरे कुणाल खेमू . कुणाल खेमू किसी जबरदस्त किरदार के बिना भी अभिनय से दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचने में माहिर हैं . अरशद वारसी की बाते करें तो अरशद ने कॉमेडी को एक नया अंदाज़ दिया, जो बहुत ही सहज और ज़मीन से जुड़ा होने के साथ-साथ बिल्कुल हकीकत जैसा लगता है . वहीं विवेक ओबेरॉय की बात की जाए तो विवेक की कॉमेडी दर्शकों को इसलिए पसंद आती है, क्योंकि वे अपने किरदारों में बहुत ज्यादा उत्साह और सादगी के बीच कमाल का संतुलन बनाए रखना जानते हैं . 23 जनवरी से सिर्फ़ ज़ी5 पर मस्ती 4 की स्ट्रीमिंग का आनंद लें .

### कमल नयन बजाज की जयंती पर श्रद्धांजलि वीडियो जारी

**इंदौर .** कमल नयन बजाज की 111वीं जयंती के अवसर पर, शिशिर बजाज के नेतृत्व में बजाज परिवार ने एक विशेष ए आई-निर्मित श्रद्धांजलि वीडियो जारी किया, जो उस महान व्यक्तित्व के असाधारण जीवन और युग को जीवंत करता है, जिन्होंने बजाज समूह की सच्ची उद्यमशील नींव रखी और भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई .

# जिले में गौ-हत्याओं के बढ़ते मामलों को लेकर 27 को झाबुआ रहेगा स्वैच्छिक बंद

- सर्व हिन्दू समाज की बैठक में लिया गया निर्णय
- उत्कृष्ट मैदान से भव्य आक्रोश रैली निकालकर कलेक्टर को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**झाबुआ।** जिले में लगातार बढ़ते गौ-हत्याओं के मामले, गौकशी, गौ-मांस विक्रय एवं परिवहन जैसी घटनाओं को लेकर जिलेभर में सकल हिन्दू समाज में तीव्र आक्रोश है। इसी क्रम में 23 जनवरी, शुक्रवार देर शाम 7.30 बजे से स्थानीय सिद्धेश्वर कॉलोनी में श्री सिद्धेश्वरी अंबे माता मंदिर पर सर्व हिन्दू समाज की सामूहिक बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्व-सम्मति से निर्णय लिया गया कि इस तरह की घटनाओं को लेकर गौ-माताओं के सम्मान में 27 जनवरी, मंगलवार को झाबुआ जिला स्वैच्छिक बंद रहेगा। इस दौरान मंगलवार दोपहर 1 बजे से जिला मुख्यालय पर उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी, जो शहर से प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचने पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में जिलेभर से सर्व हिन्दू समाज के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रहीं। इस दौरान सर्व हिन्दू समाज, विभिन्न हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों, व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी-सदस्य और युवाओं ने जिले में बढ़ती गौ-हत्याओं, गौ-मांस विक्रय, परिहवन के साथ हाल ही में जिले के मेघनगर के ग्राम सजेली के जंगल में हुई गौ-हत्याओं पर तीव्र आक्रोश व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में सनातन समाज एवं समाज के युवाओं द्वारा इसको लेकर सोशल मीडिया पर भी लगातार तीव्र आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। 'गौ-माताओं के सम्मान में, सकल हिन्दू समाज मैदान में' के नारे के साथ सर्व हिन्दू समाज और समाज के प्रतिनिधियों द्वारा बैठक में अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। इस दौरान सभी ने उत्साहपूर्वक भगवान श्रीराम, गौ-माता एवं भारत माता के सामूहिक जयघोष भी लगाएं। बैठक में युवाओं की टोलियां रैली के रूप में जयघोष करते हुए सम्मिलित हुई। सर्व हिन्दू समाज में लगातार बढ़ रहीं गौ-हत्याओं की घटनाओं को लेकर तीव्र आक्रोश नजर आया। बैठक में युवाओं के साथ मातृ शक्तियों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रहीं।

### आक्रोश रैली भी निकालेंगे

बैठक में सर्व-सम्मति से तय किया गया कि गौ-माताओं के सम्मान में एवं गौ-हत्याओं पर जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर 27 जनवरी, मंगलवार को झाबुआ जिला पूरे दिन स्वैच्छिक बंद रहेगा। बैठक में उपस्थित सर्व हिन्दू समाज, समस्त हिन्दू संगठनों और व्यापारिक संगठनों ने भी इसको लेकर अपनी सहमति व्यक्त की। दोपहर 11 बजे से सर्व हिन्दू समाज, समस्त हिन्दू संगठन और व्यापारीजन भी मंगलवार दोपहर 11 बजे से उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर एकत्रित होंगे। यहां से दोपहर 1 बजे नारेबाजी के साथ भव्य जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचने पर जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में मांग की जाएगी कि सजेली गौ-हत्याकांड में समस्त आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाए और जिले में गौ-हत्या, गौ-मांस विक्रय एवं परिवहन पर पूर्णत: रोक लगाई जाए।

# 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई

**आलीराजपुर ।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जनवरी, 2026 को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया गया। इस वर्ष मतदाता दिवस की थीम 'मेरा भारत, मेरा वोट' है। 24 एवं 25 जनवरी 2026 को शासकीय अवकाश होने के कारण 23 जनवरी 2026 राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया।

मतदाता दिवस की शपथ कलेक्टर कार्यालय में नीतू माथुर द्वारा दिलाई गई।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर दीपिका पाटीदार, तहसीलदार मंजू डावर सहित समस्त कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दशा नीमा समाज द्वारा श्री चारभुजानाथ मंदिर पर बसंती पंचमी उत्सव मनाया

- समाज के 31 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार एवं सरस्वती पूजन का हुआ आयोजन

**झाबुआ। स्थानीय श्री चारभुजनाथ मंदिर पर 23 जनवरी, शुक्रवार शाम 6.30 बजे से दशा नीमा समाज महिला मंडल द्वारा बसंती पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती पूजन एवं समाज के बच्चों का विद्यारंभ संस्कार का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मां सरस्वतीजी की तस्वीर पर महिला मंडल की मातृ शक्तियों एवं बच्चों द्वारा पूजन करने के साथ 31 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार पूरे विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।**

जानकारी देते हुए दशा नीमा समाज महिला मंडल अध्यक्ष संगीता प्रदीप शाह एवं कॉर्डिनेटर हीना कोठारी ने बताया कि श्री चारभुजानाथ मंदिर पर बसंती पंचमी पर शुक्रवार देर शाम 6.30 बजे भगवान की आरती बाद सरस्वती माता की तस्वीर विराजमान कर महिलाओं और बच्चों ने माल्यार्पण एवं दीप प्रवज्जलन के साथ सरस्वती पूजन की। बाद विद्यारंभ संस्कार आरंभ हुआ। विद्यारंभ संस्कार विधि-विधानपूर्वक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य पं. विश्वनाथ शुक्ल एवं पं. हिमांशु शुक्ल ने संपन्न करवाया। जिसमें समाज के बच्चों में शुभ सोम नीमा, प्रियल अर्पित कटलाना, प्रीशी अर्पित कटलाना, संस्कृति राकेश शाह, प्राशवि यशिल शाह, क्रियांश यशील शाह, धृति मनीष नीमा, जीशा गौरव नीमा, अक्षित कटलाना, इशित प्रशांत शाह, वेष्ठा हिमांशु शुक्ला, मेखला हिमांशु शुक्ला, सहज हिमांशु शुक्ला, कृषिव प्रांशु शाह, निर्वि नम्र शाह, शुभ वैभव नीमा, ईश करण वरदिया, धुव्री लोकेश नीमा, वंशिका लोकेश नीमा, प्रज्ञा विशाल शाह, पर्व सुनील नीमा, अव्यान वैभव नीमा, तिलक भावेश शाह देविका भावेश शाह, दिव्य मनीष नीमा, जिनल मितुल शाह एवं यशस्वी मनीष वरदिया आदि का विद्यारंभ संस्कार किया गया।

# चुनौतियों से जीतने के लिए आज आध्यात्मिक शक्ति की है अत्यंत जरूरत : बीके ईवी स्वामीनाथन

- नागरिकों की मांग पर शिविर को 7 दिन ओर आगे बढ़ाया गया

**झाबुआ।** आज का युग चुनौतियों का युग है। चुनौतियों से किसी के जीवन में तनाव तो किसी की जीवन में अवसाद भी आ जाता है। इस युग में आध्यात्मिकता शक्ति की आवश्यकता है। चुनौती हर एक के जीवन में आती है, लेकिन किसी-किसी के लिए यही चुनौती अवसर के द्वार खोलती है।

उक्त आध्यात्मिक उद्बोधन अंर्तराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर बीके ईवी स्वामीनाथन ने पुलिस लाइन सामुदायिक भवन में 'वाह जिंदगी वाह' कार्यक्रम के तीसरे दिन व्यक्त किए। आपने कहा कि आज समाज में ना तो एकता है और नहीं आत्मविश्वास। इसी कारण मनुष्य भयभीत जीवन जी रहा है। जैसे श्रेष्ठ धर्नुधर अर्जुन की व्यथा के समय भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें ध्यान करना सिखाया, वैसे ही आज प्रत्येक मनुष्य को ध्यान का अभ्यास करना चाहिए। आज का युग एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का हैं,लेकिन इसका उपयोग अच्छे कार्य में किया जाए.

### ईवी स्वामीनाथन का सम्मान किया

राजयोगिनी बीके जयंती दीदी एवं ज्योति दीदी ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में पधारे गणमान्यजनों ने गहन शांति की अनुभूति की एवं शिविर को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। इस हेतु शिविर को 7 दिन ओर आगे बढ़ाया गया है। जिसका समय संध्या 7 से रात 8 बजे तक रहेगा। जिसमें प्रतिदिन तन और मन को स्वस्थ रखने हेतु एक्सरसाइज सीखाई जाएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी को मेडिटेशन का अभ्यास करवाया गया एवं झाबुआ शहर कि ओर से बीके ईवी स्वामीनाथन का शाल-श्रीफल एवं साफा बांधकर सम्मान किया गया।

# जिले में नागरिकों के आधार पंजीयन संशोधन हेतु 27 जनवरी से शिविर का किया जाएगा आयोजन

**आलीराजपुर ।** जिले के नागरिकों की सुविधा हेतु जिले में आधार पंजीयन संशोधन शिविर आयोजित किये जा रहे है जिसमें ग्रामीण जन व स्कूल के छात्र/छात्राएं जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है वे नवीन आधार कार्ड बनवा सकते है एवं जिनके आधार बन चुके है उनके आधार में संशोधन करवा सकते है, पीएम किसान, फार्मर रजिस्ट्री, प्रोफाइल पंजीयन, समग्र श्वयङ्घष्ट चिन्हित हितग्राहियों के आधार कार्ड में डेमोग्राफिक (नाम, जन्म तिथि , पता, मोबाईल नं. ईमेल आईडी) अपडेशन बायोमेट्रिक अपडेशन आदि कार्य दस्तावेजों के आधार पर आधार कार्ड में संशोधन करवा सकते है। जिले में आधार में संबंधित कार्य के लिए 27 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर आलीराजपुर में शासकीय हाई स्कूल अंबारी, शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल अजंदा, चंद्र शेखर आजाद नगर (भाभरा) में शासकीय एक्सीलेंस हायर सेकेण्ड्री स्कूल, शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल बडा खुटाजा, जोबट में शासकीय एक्सीलेंस हायर सेकेण्ड्री स्कूल जोबट, कठठीवाडा ब्लॉक में शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल सोरवा, शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल कठठीवाडा, तहसील/ब्लॉक सोण्डवा में शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल उमराली, शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल छकतला, तहसील/ब्लाक उदयगढ में शासकीय एक्सीलेंस हायर सेकेण्ड्री स्कूल उदयगढ, शासकीय हाई स्कूल बरी जुवारी इत्यादि स्थलों पर कैंम्प का आयोजन किए जाएंगे ।कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा आधार पंजीयन केन्द्र सुपरवाईजर को निर्देशित किया जाता है कि आयोजित कैम्प में निधारित समय सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक पर शिविर स्थल पर उपस्थित रहकर ढ्ढष्ठढ्ढ द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए उक्त आधार पंजीयन/संशोधन का कार्य संपदित करना सुनिश्चित करे ।

## एक नजर में
### पुलिस अधीक्षक डॉ . शिव दयालसिंह ने मामले में तीसरी बार पुन : क्षेत्र का विस्तृत दौरा किया

# वन क्षेत्र में आने वाले सुदूर स्थानों तक का निरीक्षण

**झाबुआ. शनिवार को थाना मेघनगर क्षेत्र के ग्राम नानिया साथ सजेली के सीमावर्ती वन क्षेत्र में 6 दिसम्बर को हुई गौवंश वध की घटना के संदर्भ में पुलिस अधीक्षक डॉ शिव दयाल सिंह ने मामले में तीसरी बार पुन: क्षेत्र का विस्तृत दौरा किया। सुश्री अवंधति प्रधान , ह्यस्त्रश्रश्च राजेश सुलिया, तहसीलदार पलकेश परमार, टी आई दिनेश शर्मा, रेंजर टी एस हठीला अन्य प्रशासनिक अमले के साथ पैदल और एवं मोटर साइकिल पर वन क्षेत्र में आने वाले सुदूर स्थानों तक का निरीक्षण किया ।**

सिंह ने बताया कि पूरे वन क्षेत्र की ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी तरह की संदिग्ध एवं आपराधिक गतिविधि किसी भी स्थिति में नहीं हो, इस हेतु पुलिस, राजस्व, वन, पशु चिकित्सा विभाग, पंचायत विभाग के स्थानीय स्तर के अधिकारियों द्वारा निरंतर क्षेत्र का भ्रमण सुनिश्चित

करने हेतु निर्देशित भी किया,

ग्राम सरपंच जामसिंह, तड़वी भारत सिंह, चौकीदार सरदार तथा अन्य ग्रामीण जनों से भी विस्तृत चर्चा की । क्षेत्र वासियों को ऐसे गंभीर अपराधों से दूरी बनाने और किसी भी घटना की तुरंत सूचना देने के सुझाव दिए। वन विभाग द्वारा आगामी दिनों में वन क्षेत्र को सुरक्षित किए जाने की कार्ययोजना की जानकारी ली तथा उनको अपने बीट पेट्रोलिंग को अधिक प्रभावी किए जाने हेतु निर्देशित किया ,स्ठह्वक्कथांदला को नाइट विजन ड्रोन से घटना स्थल तथा आसपास के सभी स्थानों की निगरानी के निर्देश दिए गए। श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी नए घटना क्रम के चिन्ह नहीं पाए गए हैं। समस्त विभाग के अधिकारियों को किसी भी स्थिति में घटना के दोबारा नहीं होने देने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने और सूचना तंत्र मजबूत करने के भी निर्देश दिए। प्रभावित क्षेत्र के सभी ग्रामों में गौवंश संबंधी एवं अन्य अपराधों के प्रति जागरूकता हेतु प्रति दिन सामूहिक रूप से भ्रमण करने तथा ग्राम रक्षा समिति की सतत बैठके लेने हेतु निर्देशित किया ।स्त्रश्रश्च थांदला और टी आई मेघनगर को अपराधियों के विरुद्ध सख्त व प्रभावी कार्यवाही करने को कहा। सभी अपराधियों के विरुद्ध कड़े प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर फाइनल बाउंड ओवर कराने के आदेश मौके पर ही दिए। यदि इसके बाद भी कोई अपराधी किसी भी तरह के अपराध में संलिप्त पाया जाता है तो, उसका जिला बदर एनएसए जैसी कठोर कानूनी कार्यवाही की जाने की समझ दी गई।